खास-खबरें

मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान पर कांग्रेस ने जताया विरोध

दमोह। बीते दिनों मध्य प्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान पर विरोध तेज हो गया है। बुधवार को दमोह जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मंत्री से माफी और इस्तीफे की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि प्रजातंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। चुनाव के समय सभी दल जनता को भगवान मानते हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मंत्री द्वारा जनता के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग अस्वीकार्य है। जैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में किसान और युवा परेशान हैं। अब मंत्री सरेआम लाडली बहनों, किसानों और बुजुर्गों को भी भिखारी कहने लगे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी इस मामले में माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस ने विरोध का कार्यक्रम घोषित करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च को ब्लॉक स्तर पर मंत्री का पुतला दहन किया जाएगा साथ ही 8 मार्च को दमोह जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बाइक डिवाइडर से टकराई, 20 फीट नीचे गिरकर मौत

दमोह। जिले के पथरिया में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा घटित हुआ।पथरिया के जखतर गांव के पास दो बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर 20 फीट नीचे पुलिया में नीचे गिर गए। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मुन्ना यादव (55) और पन्नू यादव (60) के रूप में हुई है। दोनों मृतक आपस में रिश्ते में समधी थे। वे पथरिया में बैंक की किस्त जमा करने गए थे। बैंक से वापस लौटते समय जगथर गांव के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। मृतक मुन्ना यादव के बेटे शारदा यादव को राहगीरों ने फोन कर हादसे की सूचना दी। वह तुरंत मौके पर पहुंचा और दोनों को एक निजी वाहन से पथरिया अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

खाना बनाने की बात पर पति ने की पत्नी की हत्या

खंडवा। खाना बनाने की बात पर पति द्वारा अपनी पत्नी के निर्मम हत्या का मामला सामने आया है । घटना चार मार्च के बताई जा रही है जहां पति पत्नी का विवाद इस कदर बढ़ गया कि गुस्से में पति द्वारा अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया , जिससे पत्नी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । पत्नी को मरने के बाद आरोपी फरार हो गया था । अगले दिन पड़ोसी द्वारा जब किसी की आवाज नहीं आई तो जाकर घर में देखा जहां महिला की लाश लहूलुहान पड़ी थी । तत्काल ग्रामीणों ने थाना जावर को सूचना दी , जिसके बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को खंडवा पोस्ट मॉर्टम के लिए खंडवा जिला चिकित्सालय भेजा गया ।

थाना जावर प्रभारी द्वारा बताया गया कि आरोपी नगेन्द्र पिता बुधेसिंह तोमर जाति भिलाला निवासी भकराडा ने खाना बनाने की बात पर से पत्नि चम्पाबाई उम्र 35 साल निवासी भकराडा को लोहे के पाईप, ईट तथा लकडी से सिर तथा मुँह, कमर में चोट मारकर हत्या कर थी । थाना पर सूचना प्राप्त होने पर भागने की फिराक में आरोपी नगेन्द्र पिता बुधेसिंह भिलाला निवासी भकराडा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिंचाई परीयोजना में छूटे गांवों को शीघ्र जोड़ने का कार्य करें : सांसद

खण्डवा।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद पाटील ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत देशगांव एवं जामली राजगढ़ में पानी की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारी से कहा कि ग्रामों का दौरा कर पेयजल संबंधी समस्याओं का निराकरण करें। गर्मी के मौसम में पूर्व से ध्यान में रखें कि कहीं भी समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के ऐसे चिन्हित ग्राम जहां पानी की समस्या सामने आई थी उन पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि जो कार्य शेष हैं उन पर योजना बनाकर कार्य किया जाए।

बैठक में सांसद पाटील ने जल निगम के अधिकारी को ग्राम सोमुद में पानी की टंकी का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम तिरंदाजपुर में रोड रेस्टोरेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां भी रोड रेस्टोरेशन का कार्य शेष है उसे शीघ्रता से पूर्ण करवाया जाए। बैठक में सांसद पाटील ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं का क्रियान्वयन करें। साथ ही शासन को प्रस्ताव भेजने से पूर्व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जाए। बैठक में सांसद पाटील ने मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कपिल धारा कूप, अमृत सरोवर, खेत तालाब के स्वीकृत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में नवीन निर्देशों के तहत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराया जाकर लाभान्वित करें। साथ ही नए सर्वे में कितने हितग्राहियों का पंजीयन हुआ के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में सांसद पाटील ने खण्डवा जिले में सिंचाई परियोजनाओं में जो ग्राम छूटे हैं उनकी सूची की समीक्षा की और छूटे हुए ग्रामों को किस प्रकार परियोजनाओं से जोड़ा जा सकता है इसके लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को मूंग के लिए पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

सांसद पाटील ने खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अब तक कितने प्रकरण बनाए गए हैं उनकी जानकारी ली और सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्री पाटील ने जिले में कितने ग्रिड का निर्माण कार्य संचालित है के बारे में बिजली विभाग के अधिकारी से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने झिरन्या उद्वहन सिंचाई योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि क्षेत्रों का दौरा करें एवं ग्रामीणों की समस्याओं का हल करें।

इस दौरान मांधाता विधायक नारायण पटेल, खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति होगी:पटेल

नर्मदापुरम। मेरा जन्म सेमरी तलाई में हुआ। सेमरी तलाई पूर्व में पिपरिया विधानसभा के अंतर्गत आता था। इसलिए मेरा पिपरिया एवं बनखेड़ी से भावनात्मक लगाव है। उदयपुरा मेरी कर्मभूमि तो पिपरिया मेरी जन्मभूमि है। उक्त बात लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बुधवार को बनखेड़ी में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण अवसर पर कही।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुझे पिपरिया बनखेड़ी के विकास की विशेष रूप से चिंता है और मेरा पूरा प्रयास है कि मैं अपनी जन्मभूमि में विकास के कार्य करा सकूं। उन्होंने कहा कि अब शासन यह प्रस्ताव तैयार कर रही है कि यदि कोई गर्भवती महिला को सोनोग्राफी करानी हो तो जिला चिकित्सालय से एक पर्ची जारी होगी उस पर्ची के आधार पर निजी चिकित्सालय में गर्भवती महिला अपने सोनोग्राफी की जांच करा सकेगी। जांच में होने वाला संपूर्ण राशि का वहन शासन करेगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासन यह प्रावधान भी कर रही है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक और विशेष रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए। मध्य प्रदेश में 10 वर्ष में 30 मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 12 मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासन यह प्रयास कर रही है कि हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज अनिवार्य रूप से खोल जाए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेज से जब चिकित्सक निकलेंगे तब सभी चिकित्सालय में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी पूरी कर दी जाएगी।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा वहीं मध्य प्रदेश भी विकसित राज्य की श्रेणी में शामिल होगा।

यातायात पुलिस ने शुरू की नंबरिंग, ऑटो को पीला और ई-रिक्शा को हरा स्टीकर दिया

दमोह।

जिले में यातायात पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा की नंबरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। शहर में करीब ढाई हजार ऑटो और ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। इनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए यह पहल यातायात पुलिस ने शुरू की है। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बुधवार को एक दर्जन से अधिक ऑटो जब्त किए।

एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर पिछले 15 दिनों से चालकों को वेरीफिकेशन कराने का सुझाव दिया जा रहा था। चालकों को अपने दस्तावेज और लाइसेंस की प्रति यातायात थाने में जमा करने को कहा गया था। जिसके बाद नई व्यवस्था के तहत ऑटो रिक्शा के लिए पीला और ई-रिक्शा के लिए हरा स्टीकर निर्धारित किया गया। साथ ही अब चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन की कॉपी और पुलिस वेरिफिकेशन प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद ही उनके वाहन पर स्टीकर लगाया जाएगा। यातायात पुलिस द्वारा फिलहाल ऑटो चालकों को लगातार समझाइश देकर हिदायत दी जा रही है। अगर वे नियमों का पालन नहीं करेंगे तो यातायात नियमों के तहत चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में चालक की पहचान सुनिश्चित करना है।

पचमढ़ी में रोपवे-हवाई पट्टी जल्द शुरू होगी: सांसद

सेमरी हरचंद। क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी हिल स्टेशन पचमढ़ी पहुंचे। उन्होंने एक दिवसीय दौरे पर आम नागरिकों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया। सांसद चौधरी ने पचमढ़ी के के लिए कई घोषणाएं कीं। सांसद ने पचमढ़ी-चौरागढ़ रोपवे निर्माण के लिए स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया। सांसद बोले- पचमढ़ी हवाई पट्टी को जल्द शुरू होगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित पचमढ़ी हवाई पट्टी को जल्द शुरू करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। इसके अलावा, पिपरिया से सटे अनहोनी वन क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट में बदलने की योजना पर भी काम किया जाएगा। इन विकास कार्यों से पचमढ़ी में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी इससे मजबूती मिलेगी।

कृषकों को पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य:कलेक्टर

छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को जिलेभर के कृषकों की फार्मर आईडी बनाए जाने के संबंध में राजस्व अधिकारियों के साथ वी.सी. के माध्यम से समीक्षा बैठक की। वीसी में भू अभिलेख, कृषि, कॉपरेटिव सहित संबंधित अधिकारी जुड़े रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तरीय शिविर के माध्यम से फार्मर आईडी बनाए और प्रत्येक दिन में एसडीएम और तहसीलदार 5-5 शिविरों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया जाए। जिससे कार्य प्रगति और अधिकारियों के निरीक्षण की मॉनिटरिंग की जा सके। कलेक्टर ने समस्त पीएम किसान योजना के हितग्राही किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने एवं खसरा से आधार की लिंकिंग कार्य युद्ध स्तर पर बनाए जाने का शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आर.आई., पटवारियों की बैठक कर कार्य में सभी को लगाएं। साथ ही कृषि और कॉपरेटिव सहित संबंधित विभाग अपने अमले को कार्य में लगाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएससी केन्द्र संचालकों के साथ बैठक करें और प्रत्येक कैम्प पर सीएससी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही इंटरनेट की व्यवस्था सुलभ रहे।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान किया जा रहा है, ताकि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। मार्च 2025 के बाद पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी होना अनिवार्य है।

वीसी के माध्यम से कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता को राजस्व की सभी सेवाओं नामांतरण, फौती नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य सभी शासकीय योजनाओं का लाभ समय से मिले।

नर्मदा नदी में 31 मार्च से नए नियमों के चलते नौका संचालन हो सकता है बंद

ओंकारेश्वर (नि प्र) । नर्मदा नदी में 31 मार्च से नौका संचालन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा पिछले दिनों खंडवा में दिशा बैठक में लिया गया ढ्ढ नगर परिषद सीएमओ संजय गीते ने बताया कि जिला प्रशासन से नगर परिषद को निर्देश प्राप्त होने पर नविको को इसकी सूचना दी गई ढ्ढ तो वही नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट ने बताया कि हमें मीडिया द्वारा जानकारी मिली उसके लिए हम नगर परिषद सीएमओ से मुलाकात करने और अपनी समस्या बताने आए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा नविको को निर्देश दिए गए हैं कि नर्मदा में वायु प्रदुषण, जल प्रदुषण, ध्वनि प्रदुषण कि रोकथाम हेतु 31 मार्च 2025 के पश्चात संचालित डीजल नांव को अनिवार्य रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा एवं उसके स्थान पर हस्तचलित या सौर उर्जा सिस्टम या बैटरी से चलने वाली नाव के प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

नाविको का प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद सीएमओ से मुलाकात कर अपनी बात रखते हुए जिला मुख्यालय में जो निर्देश जारी हुए हैं उसको एक तरफ बताया ढ्ढ नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट ने बताया कि नर्मदा प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण को मुख्य मानते हुए लगभग 300 नाविक को के परिवार के साथ प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है ।

स्कूल का ताला खोलने से बंद करने तक देते हैं सेवाएं, लेकिन नहीं मिला वेतन

सेमरी हरचंद। जपं की सामूहिक जन सुनवाई में अतिथि शिक्षकों ने वेतन संबंधी समस्याओं के आवेदन सौंपे हैं। इस दौरान एसडीएम एआर चिरामन, तहसीलदार अंजू लोधी, सीडीपीओ जसिता तिग्गा व अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे। जन सुनवाई में सोहागपुर ब्लॉक में पदस्य अतिथि शिक्षकों देवेंद्र दुबे, सौरभबेलवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, गौरव नांगवंशी, जितेंद्र सोलंकी, दुर्गा पाली, योगेश कुशवाहा आदि ने उल्लेख किया है कि उन्हें चार माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि अतिथि शिक्षक स्कूल का ताला खुलने से बंद होने तक प्रतिदिन सेवाएं देते हैं। अतिथि शिक्षकों ने चार माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग की।

मेडिकल कॉलेज की नींव खुदेगी, शायद अगली पीढ़ी ही देख पाएगी: डागा

बैतूल। जिला कांग्रेस कमेटी ने 5 मार्च को शहर के चक्कर रोड स्थित निजी होटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन कर भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया । कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख महिलाओं को भिखारी की संज्ञा देकर उनका अपमान किया है।

पत्रकार वार्ता में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और जिला प्रभारी राजकुमार केलू उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली, असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। पहले भाजपा सरकार ने महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रुपये देने का वादा किया, फिर 1000 और 1250 रुपये देकर अब धीरे-धीरे अपात्र बताकर योजना से बाहर किया जा रहा है। जब महिलाएं अपने अधिकारों की मांग कर रही हैं, तो उन्हें भिखारी कहा जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयों की कमी है, जिससे मरीज दम तोड़ रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, छात्रों को चार साल से छात्रवृत्ति नहीं मिली, शिक्षकों की भारी कमी के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार में है।

खरगोन जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

खरगोन। खरगोन जिले के जल स्त्रोतों का जल स्तर कम होने एवं आगामी माहों में पेयजल एवं निस्तार के लिए जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर भव्या मित्तल ने बुधवार को पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले का आगामी आदेश तक के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है और 15 जुलाई तक जिले के किसी भी क्षेत्र में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

हरदा। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल व अस्पतालों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पवनसुत गुप्ता को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए एक कंट्रोल रूम बना कर उसमें एक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त करें जो कि पेयजल संबंधी समस्याओं की मॉनिटरिंग करें।

स्पेशल खबर पीएचई और पीडब्ल्यूडी की प्रॉपर्टी होगी नीलाम

संपत्ति बेचकर कर्मचारियों को दिया जाएगा वेतन

भोपाल (काप्र)।

मप्र में अनोखा मामला सामने आया है, जहां अब कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए सरकारी संपत्ति नीलाम की जाएगी। खास बात यह है कि इसके लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया गया है। दो टेंडरों की प्रारंभिक कीमत 5.52 करोड़ रखी गई है।

हाई कोर्ट के आदेश पर लोक निर्माण और जल संसाधन विभाग की संपत्तियों की नीलामी हो रही है। वैसे तो अब तक आपने प्रशासनिक अधिकारियों की गाडियां और कुर्सियां नीलाम होने की खबरें सुनी और पढ़ी होंगी, लेकिन अब पूरा सरकारी ऑफिस ही नीलाम हो रहा हैं। आदेश के अनुसार पोस्ट ऑफिस, रेस्ट हाउस और जमीन की नीलामी होगी।

5 करोड़ 52 लाख का नीलामी का टेंडर जारी

दरअसल हाईकोर्ट ने पीएचई और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के सैलरी भुगतान के आदेश दिए हैं, इसके तहत भिंड में पीएचई और पीडब्ल्यूडी की संपत्ति की नीलामी की जाएगी। इसके लिए भिंड प्रशासन ने 5 करोड़ 52 लाख का नीलामी टेंडर जारी किया है। टेंडर चार अप्रैल को खोले जाएंगे। इसके बाद जो राशि मिलेगी, उससे कर्मचारियों को भुगतान किया जाएगा।

कलेक्टर भिंड ने 3 मार्च को एक अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को बताया कि नीलामी से मिलने वाली राशि से कर्मचारियों को भुगतान कर आदेश का पालन किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। जल संसाधन विभाग के गोहद तहसील स्थित 1000 वर्गमीटर जमीन के साथ रेस्ट हाउस की भी नीलामी की जाएगी।

इसकी प्रारंभिक कीमत 2.52 करोड़ रखी गई है। इधर, लोक निर्माण विभाग के 40 कर्मचारी हैं, जो श्रम न्यायालय से केस जीत चुके हैं। उन्हें बढ़ा हुए वेतन देने के लिए सवा तीन करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इसके लिए मालनपुर थाने के बगल की जमीन के साथ ही डाक बंगला नीलाम किया जाएगा। इसकी प्रारंभिक कीमत 3.30 करोड़ रुपए रखी गई है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी विक्रय सूचना

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस. ए.आर.बी.) सागर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474001, मो. नं. 78801-53116
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in | Web : bankofbaroda.com

परिशिष्ठ चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता	ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो	आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि	नीलामी की तारीख एवं समय	मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि
ऋणी: श्रीमती रेन मंजूषा पत्नी श्री अरविंद कुमार जैन पता: खांडेराव वार्ड, देवरी, तहसील देवरी, जिला सागर (म.प्र.)	सम्पत्ति स्वामी- श्रीमती रेन मंजूषा पत्नी श्री अरविंद कुमार जैन-मौजा देवरी, क्रमांक 478, पी.एच. क्रमांक 71, खं. क्रमांक 226/37, खंडेराव वार्ड क्रमांक 05, नगर पालिका, देवरी, तहसील देवरी, जिला सागर, मध्य प्रदेश में स्थित आवासीय संपत्ति का वह हिस्सा जिसका क्षेत्रफल 656.00 वर्ग फीट है, चतुर-सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्व: शशि पाठक का प्लॉट, पश्चिम: पुक्कन जैन का प्लॉट, उत्तर: डी.पी. शुक्ला का घर, दक्षिण: सड़क	₹ 9,90,000 / 99,000 / 10,000	25.03.2025 Time : 2:00 PM to 6:00 PM	13.06.2019 / 10.12.2019 / ₹ 6,27,079.40/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे (सांकेतिक आधिपत्य)

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53122

स्थान: ग्वालियर दिनांक: 05/03/2025 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा